कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा

Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ *(05962) 231099 Fax : 230397*

पत्रांक – 1879 / 12–1 (2)   अल्मोड़ा,   दिनांक 24-01-.2024

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,
पिथौरागढ़।

विषय :– जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड बेरीनाग में पाताल भुवनेश्वर चौडमन्था मोटर मार्ग का निर्माण कार्य ल0 5.00 कि0मी0 में पड़ने वाली 2.61 है0 वन भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण के सम्बन्ध में प्रस्ताव सं0– 48105/2020 ।

संदर्भ :– इस कार्यालय की पत्र सं0 186/12–1 दिनांक 14.07.2023 ।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र से आपको पूर्व में भी अवगत कराया गया था कि स्वीकृत पाताल भुवनेश्वर चौडमन्था मोटर मार्ग के प्रस्तावित संरेखण में 26 बॉज वृक्ष अत्यधिक मात्रा में प्रभावित हो रहे है तथा अन्य कोई वैकल्पिक संरेखण भी उपर्युक्त नही है। उक्त प्रस्तावित संरेखण में मोटर मार्ग के निर्माण में बांज वृक्षों के पातन से पर्यावरण में होने वाली क्षति को न्यून करने हेतु उक्त मार्ग से लगे हुए बॉज के क्षेत्र में ANR (सहायक प्राकृतिक पुनरोत्पादन) कार्य किया जाना उचित होगा।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि बॉज के क्षेत्र में ANR (सहायक प्राकृतिक पुनरोत्पादन) कार्य किये जाने हेतु स्थल का चयन करते हुए प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(प्रसन्न कुमार पात्रो)
मुख्य वन संरक्षक/वन संरक्षक
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा